RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 मुंबई : बुधवार 21 जून 2023 वर्ष 05 अंक 59 संपादक : फैसल शेख पृष्ठ : 8 कीमत : 03 रुपये

दैनिक
# रोकठोक लेखनी
खबरें बे-रोकटोक

Read E Newspaper at Paper Boy App, Magzter App, Jio News App, Paytm App, Dailyhunt App

### खोके डे-गद्दार डे मनाने पर पुलिस ने लगाया बैन !

# पुलिस अलर्ट मोड पर... !

## ठाकरे शिवसेना गुट और एनसीपी के पदाधिकारियों को नोटिस

मुंबई : मुंबई में कहीं किसी जगह पर कोई समूह गद्दार दिवस ना मनाए या किसी प्रकार का आंदोलन या धरना प्रदर्शन ना करें इसको लेकर मुंबई पुलिस हर स्तर पर इस बारे में जानकारी भी इकट्ठा कर रही है क्योंकि आधिकारिक तौर पर किसी जगह और समय के बारे में पार्टियों द्वारा कोई परमिशन की जानकारी नही दी गयी है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक मुंबई पुलिस ने उद्धव गुट और एनसीपी कार्यकर्ताओं को नोटिस भेजा है और शहर में लॉ एंड आर्डर खराब न करने की चेतावनी दी है।

किसी भी तरह के विरोध प्रदर्शन या हिंसक कार्रवाई करने पर कानूनन एक्शन लेने की भी चेतावनी दी है। ठाकरे शिवसेना गुट और एनसीपी के कार्यकर्ता आज विश्व गद्दार दिवस के रूप में मनाने वाले है और विरोध प्रदर्शन करने वाले है।

**सेंसिटिव जगहों पर पुलिस की गशत बढ़ा दी**

मुंबई पुलिस ने सेंसिटिव जगहों पर पुलिस की गशत बढ़ा दी है और अपने



सभी कर्मचारियों को सजग रहने के आदेश दिए है। लॉ एंड ऑर्डर की स्थिति बनी रहे इसको लेकर मुंबई पुलिस काफी सजग है। खोके दिन या गद्दार दिन जैसे किसी भी दिन को मनाने पर मुंबई पुलिस ने रोक लगा दी है साथ ही मुंबई पुलिस की ओर से ठाकरे गुट के पदाधिकारियों को भी नोटिस भेजा गया है। शिवसेना उद्धव बालासाहेब ठाकरे पार्टी आज खोके दिवस मना रही है। एनसीपी आज के दिन को गदर डे के रूप में मनाने जा रही है। हालांकि मुंबई पुलिस ने ऐसे किसी भी दिन को मनाए जाने पर रोक लगा दी है। साथ ही मुंबई पुलिस की ओर से ठाकरे ग्रुप के पदाधिकारियों को भी नोटिस भेजा गया है। एकनाथ शिंदे की बगावत को आज एक साल पूरा हो गया है। पिछले साल मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की बगावत के कारण शिवसेना में विभाजन हो गया था। एकनाथ शिंदे ने शिवसेना छोड़ दी और विधान परिषद चुनाव परिणाम की रात यानी 20 जून 2022 को बगावत कर दी।

### राष्ट्रवादी गद्दार दिवस के रूप में मनाएंगे

**लेकिन इससे कानून व्यवस्था की समस्या पैदा न हो इसके लिए मुंबई पुलिस द्वारा ठाकरे समूह के शाखा प्रमुख समेत पूर्व पार्षदों और कुछ नेताओं को नोटिस भेजा गया है। मुंबई पुलिस ने इस तरह के किसी भी दिन समारोह पर रोक लगा दी है। इस नोटिस में निर्देश दिया गया है कि यदि यह दिवस मनाया जाता है तो कानूनी कार्रवाई की जाएगी। शिवसेना स्वाभिमान दिवस मनाएगी। ठाकरे गुट इसे ग्लोबल बॉक्स के रूप में मनाएगा और राष्ट्रवादी इसे गद्दार दिवस के रूप में मनाएंगे। एकनाथ शिंदे की बगावत के एक साल पूरे होने के मौके पर शिवसेना आज के दिन को स्वाभिमान दिवस के रूप में मनाएगी। जबकि ठाकरे गुट इसे विश्व मुक्केबाजी दिवस के रूप में मनाएगा। वहीं एनसीपी 20 जून को गदर डे के रूप में मनाने का निर्णय लिया है। एनसीपी के प्रदेश अध्यक्ष जयंत पाटिल ने हर तालुका स्तर पर गदर दिवस मनाने का आदेश दिया है।**

# विधायक गीता जैन ने नगरपालिका के इंजीनियर को जड़ा थप्पड़... !

### वीडियो हुआ वायरल, क्या है पूरा मामला





**महाराष्ट्र :** महाराष्ट्र के मीरा भायंदर से विधायक गीता जैन का एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। इसमें वह नगरपालिका के एक इंजीनियर को थप्पड़ मारे हुए नजर आ रही हैं। खबरों के मुताबिक, अधिकारी बिना नोटिस दिए तोड़फोड़ की कार्रवाई के लिए पहुंचे थे। अधिकारियों को देखते ही महिला विधायक का पारा सातवें आसमान पहुंच गया। पहले उन्होंने इंजीनियर और अधिकारियों को खरी-खोटी सुनाई। फिर एक इंजीनयर को थप्पड़ भी जड़ दिया।

बताया जा रहा है कि मीरा भायंदर महानगर पालिका बिना नोटिस दिए बरसात से पहले लोगों के घर पर तोड़फोड़ कर रही है। महानगरपालिका के अधिकारियों पर यह भी आरोप लग रहा है कि वह लोगों को जबरन घर से बाहर कर रहे हैं और उनके घर पर तोड़फोड़ की कार्रवाई कर रहे हैं। इसकी सूचना मिलते ही विधायक गीता जैन मौके पर पहुंची थी। इसी दौरान यहां कार्रवाई कर रहे एक इंजीनियन की क्लास लेने लगी। इसके बाद भी उनका गुस्सा यहीं थमा और उन्होंने इंजीनियर को कैमरे के सामने थप्पड़ मार दिया।

# पहले जंजीरों से बांधा, फिर नींद के लिए दिए ड्रग्स

## महाराष्ट्र पुलिस के रेस्क्यू किए 11 बंधुओं मजदूर ने सुनाई आपबीती

**महाराष्ट्र :** महाराष्ट्र के धाराशिव जिले से एक दिल दहलाने वाला मामला सामने आया है, जहां पर खेतों में काम करने वाले मजदूरों से बंधुआ मजदूरी कराई जा रही था. महाराष्ट्र पुलिस ने ऐसे 11 मजदूरों को रेस्क्यू किया है उनको उनके मालिकों ने जंजीर से बांधकर रखा था. पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक इन मजदूरों को जंजीर से बांधकर रखा जाता था और खेतों में काम कराया जताया था. पुलिस ने इस मामले में जांच शुरू कर दी है. फिलहाल पुलिस सुत्रों का कहना है कि यह काम एक संगठित रैकेट से करवाया जा रहा



है. जिसमें एजेंट और कुआं खोदने वाले ठेकेदार शामिल हैं, जो बेरोजगार लोगों को फंसा करके जबरदस्ती काम करवा रहे हैं.

**तीन ठेकेदारों को किया गया है गिरफ्तार**

महाराष्ट्र पुलिस ने इस मामले में अब तक तीन ठेकेदारों को अपहरण, मानव तस्करी और अन्य अपराधों के आरोप में गिरफ्तार किया है. ढोकी थाने में दर्ज मामले में एक नाबालिग को भी हिरासत में लिया गया है. पुलिस ने गिरफ्तार लोगों की पहचान कृष्णा शिंदे (22), संतोष जाधव (40) और रंजीत साबले (24) के रूप में की है, जो सभी भूम तहसील के निवासी हैं. उनको अदालत में पेश कर तीन दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया गया है. मजदूरों को 15 दिन से लेकर 4 महीने तक जंजीरों से बांध कर रखा गया था. उनमें से छह को वखरवाड़ी साइट से और पांच को खमसवाड़ी साइट से बचाया गया था.

# 27 जुलाई देशद्रोह दिवस के रूप में घोषित हो – नितेश राणे

**महाराष्ट्र :** महाराष्ट्र की राजनीति में शिव सेना की भूमिका बहुत अहम है। बाला साहेब ठाकरे के द्वारा निर्मित शिव सेना का बोल - बोला पूरे महाराष्ट्र में हुआ करता था। लेकिन अब शिव सेना अलग - अलग नाम से जानी जाती है शिव सेना (यूबीटी) और शिव सेना शिंदे गुट। शिव सेना (यूबीटी) के उद्धव ठाकरे के जन्मदिवस को लेकर सत्ता पक्ष के बीजेपी नेता ने ऐसा बयान दिया की महाराष्ट्र की राजनीति में और उबाल आ गया।

**शिवसेना (यूबीटी) के अध्यक्ष उद्धव ठाकरे पर तंज**

भाजपा के विधायक नितेश राणे ने



मंगलवार को महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री और शिवसेना (यूबीटी) के अध्यक्ष उद्धव ठाकरे पर तंज किया और संयुक्त राष्ट्र से ठाकरे की जन्मतिथि 27 जुलाई को 'देशद्रोही दिवस' घोषित करने की अपील की। उनकी यह टिप्पणी शिवसेना (यूबीटी) के नेता संजय राउत द्वारा संयुक्त राष्ट्र में 20 जून को 'विश्व गद्दार दिवस' घोषित करने की याचिका के बाद आई है, जिस दौरान महाराष्ट्र के पदस्थ मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे सहित शिवसेना के 40 विधायकों ने उद्धव ठाकरे के खिलाफ हुए थे। उसके बाद शिवसेना दो धड़ो में बंट गई। ''कृपया 27 जुलाई को ''देशद्रोही दिवस'' के रूप में घोषित करें। आज तक देखे या अनुभव किए गए सबसे बड़े गद्दारों में से एक का जन्म इसी दिन हुआ था। राणे ने अपने ट्वीट में कहा उन्होंने ठाकरे पर महाराष्ट्र का मुख्यमंत्री बनने के लिए अपने ही धर्म और भारतीय जनता पार्टी जैसे करीबी दोस्त की पीठ में छुरा घोंपने का भी आरोप लगाया।

## संपादकीय / लेख



फैसल शेख
(प्रधान संपादक)

### कांग्रेस की समझ...

किसी के लिए भी समझना कठिन है कि गीताप्रेस को 2021 का गांधी शांति पुरस्कार मिलने पर कांग्रेस को क्या आपत्ति हो सकती है, लेकिन उसे केवल इससे परेशानी ही नहीं है, बल्कि उसकी समझ से यह सावरकर और गोडसे को पुरस्कार देने जैसा भी है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने यह समझ एक धुर वामपंथी लेखक की ओर से गीताप्रेस पर लिखी गई पुस्तक के आधार पर विकसित की है। इस पुस्तक में लिखा गया है कि महात्मा गांधी और गीताप्रेस के संस्थापक हनुमान प्रसाद पोद्दार के बीच कुछ विषयों पर असहमति उभर आई थी। गांधी जी से असहमत तो सुभाष चंद्र बोस और भीमराव आंबेडकर सरीखे नेता भी थे। क्या इन नेताओं को मान-सम्मान दिया जाना गोडसे को पुरस्कृत करने जैसा हो जाएगा?

इस प्रश्न का उत्तर जयराम रमेश ही दे सकते हैं, लेकिन उन्हें इससे परिचित होना चाहिए कि नरसिंह राव के प्रधानमंत्री रहते केंद्र सरकार ने हनुमान प्रसाद पोद्दार के सम्मान में डाक टिकट निकाला था। उन्हें और साथ ही राहुल गांधी को इस तथ्य से भी अवगत होना चाहिए कि सावरकर पर डाक टिकट तब निकला था, जब इंदिरा गांधी प्रधानमंत्री थीं।

वास्तव में अपने अतीत की ऐसी ही खुली अनदेखी से कांग्रेस के बारे में यह कहा जाने लगा है कि वह अपनी ही विरासत की उपेक्षा करने में पारंगत हो गई है। यह मानने के अच्छे-भले कारण हैं कि जयराम रमेश सनातन धर्म-संस्कृति और संस्कार के प्रचार-प्रसार में महती योगदान देने वाली गीताप्रेस की महत्ता से या तो परिचित नहीं या फिर उन्होंने उसकी जानबूझकर अनदेखी करना ही सही समझा।

यह महज दुर्योग नहीं हो सकता कि कांग्रेस की नजर में इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग तो पक्के तौर पर सेक्युलर है, लेकिन गीताप्रेस सांप्रदायिक। इसे भी विस्मृत नहीं किया जा सकता कि एक समय कांग्रेस अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण के विरुद्ध थी। कांग्रेस के नेता अपने रवैये से यही साबित कर रहे हैं कि वे रह-रहकर अपनी गलती सुधारने का जो जतन करते दिखते हैं और उसके तहत मंदिर-मंदिर जाने लगते हैं, वह एक दिखावा है। हालांकि उसके दिखावे की पोल खुलती रहती है, लेकिन वह कोई सबक सीखने को तैयार नहीं।

जयराम रमेश ने जिस पुस्तक का जिक्र करते हुए गीताप्रेस को गांधी शांति पुरस्कार दिए जाने पर आपत्ति जताई, उसकी प्रशंसा में अरुंधति राय ने कहा था कि यह एक दुर्लभ कोश है। इन्हीं अरुंधति राय ने खूंखार नक्सलियों को बंदूकधारी गांधीवादी बताया था। क्या कांग्रेस भी ऐसा ही मानती है? पता नहीं वह उन्हें क्या मानती है, लेकिन इसमें कोई संदेह नहीं कि उसके नेता देश के मानस से कटते जा रहे हैं। कांग्रेस के रुखझरवैये से यदि कुछ स्पष्ट है तो यही कि जयराम रमेश ने गीताप्रेस को लेकर जो अनावश्यक बयान दिया, वैसे बयान आगे भी आते रहेंगे।

+91 99877 75650
editor@rokthoklekhaninews.com
Faisal Shaikh @faisalshaikh_91

# मुंबई में मॉनसून हुआ लेट-लतीफ, बढ़ सकता है जल संकट!

## 7 झीलों में औसतन 8 प्रतिशत से कम बचा पानी... पांच साल में सबसे देर

**मुंबई:** मौसम विभाग ने अब मुंबई में 25 से 27 जून के बीच मॉनसून आने की संभावना जताई है। इससे पहले इसके 21 जून तक मुंबई पहुंचने की संभावना थी। मौसम विभाग के मुताबिक अब इन संभावनाओं पर पानी फिर गया है। समुद्र के ऊपर से दक्षिण-पश्चिम से



आने वाली नम हवाओं का प्रभाव अब तक मजबूत नहीं हुआ है। इसके चलते मॉनसून के अनुकूल मौसम बनने में देर हो रही है। वहीं, मुंबई को पानी सप्लाई करने वाली सातों झीलों में अपनी क्षमता का औसतन 8 प्रतिशत पानी बचा है। अगर जून में अच्छी बारिश नहीं हुई, तो 1 जुलाई से लोगों को पानी कटौती का सामना करना पड़ सकता है।

**जून में 17 एमएम बारिश**

मौसम वैज्ञानिक महेश पलावत के अनुसार, चक्रवात के चलते हवाओं की रफ्तार पर असर पड़ा है। शुष्क हवाओं के चलते उमस महसूस हो रही है। अभी मॉनसून की जो रफ्तार है, उसे देखकर लगता है कि मॉनसून के लिए इंतजार लंबा होगा। 24 जून के बाद हल्की बारिश की शुरूआत होगी। इसके बाद मॉनसून का आगमन होगा। यानी 27 जून से तेज बरसात की संभावना है। मॉनसून की बेरुखी के चलते इस बार जून में सिर्फ 17 एमएम बारिश हुई है।

### जलाशयों में पानी कम... मुंबई में हो सकती है कटौती!

मॉनसून में देरी से मुंबईकरों को आनेवाले कुछ दिनों में पानी कटौती का सामना करना पड़ सकता है। मुंबई को पानी की सप्लाई करनेवाली सात झीलों में जल स्तर लगातार घट रहा है। इन जलाशयों में कुल क्षमता का औसतन 7.98 प्रतिशत पानी का स्टॉक ही बचा है। समय पर बरसात न होने पर जुलाई से मुंबईकरों को पानी कटौती का सामना करना पड़ सकता है। बीएमसी के एक अधिकारी ने बताया कि झीलों में पानी के स्टॉक को लेकर पिछले दिनों चर्चा हुई थी। मुंबई में पानी की कटौती मॉनसून पर काफी हद तक निर्भर करेगी। जून में झीलों में उपलब्ध पानी के स्टॉक की समीक्षा होगी। उसके बाद ही बैठक में तय किया जाएगा कि मुंबई में पानी कटौती करना है या नहीं। यदि स्टॉक उम्मीद से कम रहा तो मुंबई में 1 जुलाई से या जुलाई के पहले सप्ताह में पानी कटौती हो सकती है।

### पांच साल में सबसे देर

यह पहला मौका नहीं है, जब मॉनसून के आगमन में देरी हुई है। पिछले पांच सालों पर नजर डालें तो 2019 में 25 जून को मॉनसून आया था। इस लिहाज से देखा जाए तो पिछले पांच साल में इस बार मॉनसून सबसे ज्यादा देरी से आने की संभावना है। वैसे महाराष्ट्र के कुछ हिस्सों में मॉनसून का आगमन हो चुका है। 22 से 24 जून तक मॉनसून के गोवा पहुंचने की संभावना है।

# राउत ने यूएन को लिखा पत्र

## 20 जून को 'गद्दार दिवस' घोषित करने की मांग!



**मुंबई:** महाराष्ट्र की सियासत में औरंगजेब और टीपू सुल्तान को लेकर छिड़ी सियासी जंग खत्म होने का नाम नहीं ले रही है. इस बीच उद्धव ठाकरे गुट के नेता संजय राउत ने यूएन को चिट्ठी लिखा है. सांसद संजय राउत ने संयुक्त राष्ट्र के सेक्रेट्री जनरल को एक पत्र लिखकर 20 जून को विश्व गद्दार दिवस घोषित करने की मांग की है. शिवसेना के प्रवक्ता संजय राउत ने कहा कि हम इस मांग पत्र पर महाराष्ट्र के लाखों लोगों के हस्ताक्षर इकट्ठा करेंगे और उन्हें संयुक्त राष्ट्र भेजेंगे.

**संजय राउत ने यूएन को लिखा पत्र**

संजय राउत के मुताबिक दुनिया ने गद्दारी की कई घटनाएं देखी हैं और महाराष्ट्र के लोगों के साथ बीते साल ये हुआ. उन्होंने कहा कि जब हमारी पार्टी सत्ता में आएगी तो 20 जून को गद्दार दिवस मनाया जाएगा. इससे पहले महाविकास आघाड़ी सरकार में शामिल रही एनसीपी ने भी ऐसे ही मांग की थी. शिवसेना के राज्यसभा सांसद संजय राउत ने ये मांग पिछले साल आज ही के दिन एकनाथ शिंदे के नेतृत्व में शिवसेना के विधायकों ने बगावत करने के मद्देनजर की है.

**हाल ही में शिंदे और उद्धव ठाकरे गुट ने मनाया स्थापना दिवस**

बता दें कि बीते साल 40 के करीब विधायकों की बगावत ने उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली सरकार को गिरा दिया था. उन्होंने ये चिट्ठी ऐसे समय में भेजी है, जब एक ही दिन पहले यानी 19 जून को शिंदे और उद्धव ठाकरे गुट ने शिवसेना का अलग-अलग स्थापना दिवस मनाया. यूएन के महासचिव एंटोनियो गुटेरेस को लिखे पत्र में संजय राउत ने कहा कि 20 जून को विश्व गद्दार दिवस के रूप में मान्यता दी जाए. जैसे 21 जून को विश्व योग दिवस मनाया जाता है.

संजय राउत ने यूएन को लिखे पत्र में कहा, -20 जून 2022 को एकनाथ शिंदे हमारी पार्टी के 40 विधायकों को लेकर बीजेपी की मदद से हमारी पार्टी छोड़कर चले गए थे. उन्हें 50-50 करोड़ रुपये मिले थे.

# उद्धव ठाकरे बालासाहेब की विचारधारा के गद्दार हैं

## CM शिंदे का बड़ा आरोप



**मुंबई :** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने शिवसेना के 57वें स्थापना दिवस के अवसर पर उद्धव ठाकरे पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने उद्धव ठाकरे को बालासाहेब की विचारधारा का गद्दार करार दिया। शिंदे सोमवार को उपनगरीय गोरेगांव के नेस्को कॉम्प्लेक्स में आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे। एकनाथ शिंदे ने कहा, आज हम यहां शिवसेना स्थापना दिवस मनाने के लिए एकत्रित हुए हैं। मैं समर्थन के लिए आप सभी को धन्यवाद देना चाहता हूं। हमने पिछले साल एक क्रांति शुरू की। हमने जो एक साल पहले किया था, उसे करने के लिए टाइगर के साहस की जरूरत है।

सीएम शिंदे ने उद्धव ठाकरे बालासाहेब की विचारधारा का गद्दार बताते हुए कहा कहा, मैं सीएम बनने के बाद नहीं बदला हूं। उन्होंने (उद्धव ठाकरे ने) कहा कि वे 20 जून को देशद्रोही दिवस मनाएंगे लेकिन वे बालासाहेब की विचारधारा के गद्दार हैं। उन्होंने महा विकास अघाड़ी सरकार बनाने के लिए कांग्रेस और एनसीपी के साथ गठबंधन किया। वोटरों को धोखा देने वालों को सहानुभूति नहीं मिलेगी। हमने धनुष-बाण और शिवसेना के नाम को बचाया। हमारी सरकार लोगों के कल्याण के लिए काम कर रही है। गौरतलब है कि शिवसेना में विभाजन और पिछले साल ठाकरे नीत सरकार गिरने के बाद शिंदे द्वारा संबोधित यह पार्टी का पहला स्थापना दिवस कार्यक्रम था।



# क्रिसन परेरा के मामले से संबंधित आरोप पत्र में किया जाएगा डीजे रोड्रिग्स का उल्लेख...



**मुंबई :** मुंबई पुलिस अभिनेत्री क्रिसन परेरा को कथित तौर पर फंसाए जाने के मामले में जल्द आरोप पत्र दायर करेगी, जिसमें डीजे क्लेटन रोड्रिग्स का भी उल्लेख होगा। एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। रोड्रिग्स को भी कथित तौर पर आरोपी एंथनी पॉल ने निशाना बनाया था। परेरा (27) को आरोपी ने एक स्मृति चिन्ह दिया था, जिसमें छोटी मात्रा में मादक पदार्थ छिपाकर रखा हुआ था। मादक पदार्थ रखने के आरोप में परेरा को शारजाह जेल में करीब एक महीना बिताना पड़ा था। डीजे (डिस्को जॉकी) रोड्रिग्स (37) को शारजाह में गिरफ्तार किया गया था और वहां की अदालत ने उन्हें पिछले महीने 25 साल की जेल की सजा सुनाई थी। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, 'जांच के दौरान जांच दल ने पाया कि आरोपियों ने मादक पदार्थ मामलों में क्रिसन और रोड्रिग्स को फंसाया था।

# गर्ल्स हॉस्टल की लड़कियों को पर्यटकों के सामने डांस के लिए किया मजबूर, शिक्षिका के खिलाफ केस दर्ज



**महाराष्ट्र :** महाराष्ट्र के नासिक जिले में त्र्यंबकेश्वर के पास एक स्कूल की छात्राओं के लिए पास ही गर्ल्स हॉस्टल है. स्कूल के पीछे एक होटल भी है. इस होटल में मई महीने के आखिर में कई टूरिस्ट आते हैं. पर्यटकों को इस मनोरम पहाड़ी इलाके में रात को चमकते हुए जुगनुओं के देखने का आकर्षण रहा करता है. उन पर्यटकों को खुश करने के लिए इस गर्ल्स हॉस्टल में रहने वाली लड़कियों को उन्हें डांस करके खुश करने के लिए मजबूर किया गया. इस मामले में वाडीवल्हे पुलिस स्टेशन में शिक्षिका के खिलाफ केस दर्ज किया गया है.

पुलिस स्टेशन में लड़कियों के अभिभावकों की ओर से दर्ज की गई शिकायत के मुताबिक त्र्यंबकेश्वर तहसील के पहिने नाम की जगह पर एक निजी संस्था की ओर से यह हॉस्टल संचालित किया जा रहा है. इस हॉस्टल में पास में ही स्थित एक प्राइवेट अंग्रेजी माध्यम के स्कूल में पढ़ने वाली लड़कियां रहती हैं. उन लड़कियों को उनकी शिक्षिका ने डांस कर पर्यटकों को खुश करने के लिए मजबूर किया. इस मामले की खबर लगते ही अभिभावकों ने अपनी बेटियों को हॉस्टल से घर बुला लिया और संस्था के डायरेक्टर और शिक्षिका के खिलाफ वाडीवल्हे पुलिस थाने में केस दर्ज करवा दिया.

अभिभावकों को कहा गया था कि गर्मी की छुट्टियों में लड़कियों को ट्रेडिशनल डांस और कंप्यूटर की स्पेशल ट्रेनिंग दी जाएगी. लेकिन इस समर ट्रेनिंग के नाम पर उन्हें टूरिस्टों को खुश करने के लिए मजबूर किया जा रहा था. डांस करने से मना करने पर संस्था के संचालक के कहने पर शिक्षिका लड़कियों की छड़ी से पिटाई किया करती थी और उन पर तरह-तरह से दबाव बना रही थी. लड़कियों ने इसकी शिकायत अपने-अपने अभिभावकों से की. इसके बाद अभिभावकों ने मिलकर 18 जून को पुलिस थाने में शिकायत दर्ज करवा दी. अभिभावकों का कहना है कि वे अब इस स्कूल में अपनी बेटियों को नहीं पढ़ाएंगे. लेकिन हॉस्टल प्रशासन का दावा है कि लड़कियों को पारंपरिक नृत्य सिखाया जा रहा था, यह बात सही है. लड़कियों को पारंपारिक नृत्य सिखाए जाते वक्त पर्यटक उन्हें देखा करते हैं, यह बात भी सही है. लेकिन किसी भी लड़की को पर्यटकों के सामने डांस कर के दिखाने को नहीं कहा गया.

# कल्याण ईस्ट के विधायक का विडियो एडिट कर डाली कुत्ते की आवाज, समर्थकों का हंगामा




**कल्याण:** कल्याण (पूर्व) से बीजेपी विधायक गणपत गायकवाड का एक विडियो इस वक्त वायरल हो रहा है, जिससे उनके समर्थक गुस्साए हुए हैं। दरअसल, विडियो में जब वह बात करते हैं, तो उसकी जगह पर कुत्ते की आवाज डाल दी गई है। यह विडियो सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बना हुआ है। इस घटना के सामने आने के बाद बीजेपी कार्यकर्ता आक्रामक हो गए हैं। उन्होंने कल्याण कोलशेवाडी पुलिस से अनुरोध किया गया है कि इस विडियो वायरल करने वाले के खिलाफ कार्रवाई की जाए। इससे विधायक गायकवाड की छवि खराब हो रही है। यह आपत्तिजनक है।

पुलिस ने आश्वासन दिया है कि इस मामले में जांच कर कार्रवाई की जाएगी। कुछ दिन पहले गायकवाड ने जन्मदिन का बैनर हटाने पर मनपा अधिकारी का सड़क पर ही अभिनंदन किया था। इसके बाद अधिकारियों के साथ क्षेत्र में नालों की सफाई का निरीक्षण किया।

**आंदोलन की चेतावनी**

विडियो एडिट करने वाले व्यक्ति की अब तक पहचान नहीं हो सकती है। बीजेपी ने इस संबंध में पुलिस को ज्ञापन सौंपा है और आरोपी की गिरफ्तारी की मांग की है। कार्यकर्ताओं ने जल्द कार्रवाई नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी भी दी है।

# ठाकरे गुट की शिवसेना, एनसीपी कार्यकर्ताओं को मुंबई पुलिस का नोटिस...



**महाराष्ट्र :** महाराष्ट्र में एक बार फिर राजनीतिक बवाल देखने को मिल सकता है। दरअसल, ठाकरे गुट के शिवसेना और एनसीपी के कार्यकर्ताओं ने 20 जून को 'विश्व गद्दार दिवस' मनाने की घोषणा करते हुए विरोध प्रदर्शन करने की घोषणा की है। हालांकि, इसको लेकर मुम्बई पुलिस ने दोनों पार्टियों के कार्यकर्ताओं को नोटिस जारी कर दिया है।

**40 विधायकों ने छोड़ दी थी पार्टी**

मुंबई पुलिस ने उद्धव ठाकरे गुट और राकांपा के कार्यकर्ताओं को नोटिस जारी कर कानून व्यवस्था की स्थिति को प्रभावित नहीं करने की चेतावनी दी है। दरअसल, तत्कालीन उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना के 40 विधायकों के पार्टी छोड़ने के एक साल बाद दोनों पार्टियां आज 'विश्व गद्दार दिवस' के रूप में विरोध करने जा रही हैं।

उद्धव गुट के शिवसेना (यूबीटी) नेता संजय राउत ने कहा कि हम इस मांग पत्र पर महाराष्ट्र के लाखों लोगों के हस्ताक्षर इकट्ठा करेंगे और संयुक्त राष्ट्र को भेजेंगे। राउत के मुताबिक, महाराष्ट्र के लोगों के साथ बीते साल गद्दारी हुई है। राउत ने कहा कि जब उनकी पार्टी (शिवसेना यूबीटी) सत्ता में आएगी, तो 20 जून को गद्दार दिवस मनाया जाएगा।

**ट्वीट कर शेयर की चिट्ठी**

संजय राउत ने यूएन के महासचिव एंटोनियो गुटेरेस को एक चिट्ठी लिखी है। संजय राउत ने यूएन को लिखे पत्र में कहा कि 20 जून को 'विश्व गद्दार दिवस' के रूप में मान्यता दी जाए। राउत ने कहा कि जैसे 21 जून को विश्व योग दिवस मनाया जाता है, ठीक उसी तरह से 20 जून को 'विश्व गद्दार दिवस' मनाया जाना चाहिए। उन्होंने एक ट्वीट शेयर कर इस चिट्ठी के साथ कई लोगों को टैग भी किया है।

# मुंबई में सड़क हादसे में दो बच्चों समेत 3 की मौत, 11 महीने की मासूम को टेंपो ने कुचला



**मुंबई :** मुंबई में रविवार को दो अलग-अलग सड़क हादसों में दो बच्चों समेत तीन लोगों की जान चली गई। अधिकारियों ने बताया कि उत्तर मुंबई में वेस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे पर एक ट्रक से मोटरसाइकिल की टक्कर में पिता-पुत्री की मौत हो गई। मृतकों की पहचान रफीकुल्लाह चौधरी और उनकी बेटी सोहेना चौधरी के तौर पर हुई है। पुलिस ने हादसे में शामिल ट्रक के चालक को गिरफ्तार कर लिया है। कुरार पुलिस के मुताबिक, रफीकुल्लाह मोटरसाइकिल पर अपनी भाभी और बेटी के साथ माहिम दरगाह जा रहे थे। पठानवाडी पुल पर मोटरसाइकिल ने पीछे से एक ट्रक को टक्कर मार दी। इस हादसे में रफीकुल्लाह और सोहेना गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि भाभी ताहिरा को मामूली चोटें आईं। कुरार के एक पुलिस अधिकारी ने कहा कि पीड़ितों को शताब्दी अस्पताल ले जाया गया, जहां पिता-पुत्री को मृत घोषित कर दिया गया। ताहिरा की शिकायत के आधार पर पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस का कहना है कि केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी गई है। वहीं, एक अन्य दुर्घटना में मुंबई के दहिसर में एक रिश्तेदार के टेंपो के पहिए के नीचे आने से 11 महीने की बच्ची की दर्दनाक मौत हो गई। मृतक बच्ची की पहचान अचल जायसवाल के रूप में हुई है। दहिसर पुलिस ने टेंपो चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार, रविवार की शाम अचल व कुछ बच्चे घाटनपाड़ा नंबर-2 के सामने नाले के पास खेल रहे थे। इस बीच, टेंपो चालक संतोष जायसवाल टेंपो को खड़ा करने के लिए ले जा रहा था, जबकि वहीं बच्चे भी खेल रहे थे। कथित तौर पर तभी अचल कुछ लेने के लिए टेंपो के नीचे चली गयी। तभी संतोष ने अचानक टेंपो आगे बढ़ाया और अचल पहिए के नीचे आ गई। बच्ची को गंभीर हालत में स्थानीय अस्पताल ले जाया गया, लेकिन तब तक उसकी मौत हो गई। एक पुलिस अधिकारी ने कहा, आईपीसी की विभिन्न धाराओं के तहत संतोष जायसवाल के खिलाफ केस दर्ज किया गया है।

# महाराष्ट्र के नांदेड़ में गोरक्षकों के ग्रुप पर जानलेवा हमला, एक की मौत...6 घायल



**नांदेड़:** महाराष्ट्र के नांदेड़ में गोरक्षकों के एक ग्रुप को सड़क पर एक कार को रोकना भारी पड़ गया. कार में बैठे लोगों ने गोरक्षकों पर जानलेवा हमला बोल दिया गया. इस हमले में एक गोरक्षक की मौत हो गई, वहीं 6 लोग घायल हो गए. घटना को अंजाम देने के बाद सभी आरोपी फरार हो गए. इस्लापुर पुलिस स्टेशन में इस पूरी घटना को लेकर एक प्राथमिकी दर्ज हुई है. घटना तेलंगाना बॉर्डर के पास की है. एसपी ने बताया कि गोरक्षकों पर यह हमला बीती रात 11 बजे के करीब हुआ है. पुलिस अफसर के मुताबिक, घटना में शामिल आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने हत्या का केस दर्ज किया है. उन्होंने कहा कि आरोपी कहीं भी भाग जाएं, उनको हर हाल में गिरफ्तार किया जाएगा. कानून के अनुसार उनके खिलाफ उचित कार्रवाई की जाएगी.

# आदिपुरुष को करना चाहिए बैन ! BJP ने हनुमान जी से टपोरी जैसे वक्तव्य करवाने का किया पापः नाना पटोले



**मुंबई :** प्रभास और कृति सेनन की फिल्म आदिपुरुष को लेकर देश के कई हिस्सों में विरोध प्रदर्शन हो रहा है। लोग इस फिल्म पर भावनाएं आहत करने का आरोप लगा रहे हैं। फिल्म के संवाद और भगवान राम एवं भगवान हनुमान सहित अन्य चरित्रों के चित्रण को लेकर तीखी आलोचना की जा रही है। लोगों का कहना है कि ये सनातन धर्म का अपमान है। इस बीच महाराष्ट्र कांग्रेस प्रमुख ने इस फिल्म को बैन करने की मांग की है।

**ये भाजपा का दोष है**

पटोले ने कहा, कांग्रेस के समय में रामायण और महाभारत सीरियल को फिल्माया गया था। कांग्रेस ने उस समय में रामायण और महाभारत की वास्तविकता रखी थी। भाजपा खुद बोलती है कि वो हिंदू की सरकार है तो हनुमान जी को इस तरह से टपोरी जैसे वक्तव्य करवाने का पाप भाजपा ने किया है, ये भाजपा का दोष है, उन्हें माफी मांगनी चाहिए और इस फिल्म (आदिपुरुष) को बैन करना चाहिए।

**फिल्म के लेखक मुंतशिर को जान का खतरा**

फिल्म आदिपुरुष के संवाद लेखक मनोज शुक्ला मुंतशिर पर लोग भड़ास निकल रहे हैं। लोग फिल्म के डायलॉग्स के लिए उन्हें दोषी मान रहे हैं। इस सबके बीच मुंतशिर ने अपनी जान को खतरा होने की बात कही है। मुंबई पुलिस ने उन्हें सुरक्षा मुहैया कराने का फैसला किया है।

**किसी को भी दूसरों की भावनाओं को ठेस पहुंचाने का अधिकार नहीं**

विवादास्पद फिल्म पर केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ठाकुर ने कहा, किसी को भी दूसरों की भावनाओं को ठेस पहुंचाने का अधिकार नहीं है। सीबीएफसी (केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड) ने इस मुद्दे पर फैसला लिया है। यह उनका काम है। कहा, फिल्म के लेखक और निर्देशक ने भी कहा है कि वे (विवाद के बाद) जरूरी बदलाव करेंगे। गौरतलब है कि प्रभास, कृति सेनन, सैफ अली खान और सनी सिंह अभिनीत 3Dफिल्म 16 जून को देशभर में रिलीज हुई थी। इसके हिंदी संवाद लेखक मनोज मुंतशिर शुक्ला ने रविवार को कहा था कि निर्माताओं ने कुछ संवादों को संशोधित करने का फैसला किया है और संशोधित पंक्तियों को इस सप्ताह तक फिल्म में जोड़ दिया जाएगा।

# कलवा अस्पताल के लेट लतीफ कर्मियों पर लगेगा अंकुश, हाजिरी के लिए स्थापित होगी बायोमेट्रिक मशीन

**ठाणे :** कलवा स्थित मनपा के छत्रपति शिवाजी महाराज अस्पताल के लेट लतीफ कर्मचारियों पर अंकुश लगेगा। मनपा प्रशासन ने कर्मचारियों की हाजिरी के लिए बायोमेट्रिक मशीन स्थापित करने का निर्णय लिया है। जिससे आंख की पुतली की पहचान कर कर्मचारियों की हाजरी लग सकेगी। इससे अस्पताल में आने वाले मरीजों एवं उनके परिजनों की मुश्किलें कम हो सकेंगी।

**अनेक कर्मचारी अस्पताल में अनुपस्थित**

कलवा स्थित छत्रपति शिवाजी महाराज अस्पताल में केवल ठाणे शहर के ही नहीं बल्कि भिवंडी ,कल्याण -डोंबिवली, अंबरनाथ, बदलापुर क्षेत्र तक के मरीज इलाज के लिए आते हैं। अस्पताल के कर्मचारियों के गायब रहने से मरीज एवं उनके परिजनों को मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। पिछले दिनों मनपा उपायुक्त उमेश



बिरारी अस्पताल का जायजा लेने गए थे उस समय उन्होंने देखा कि अनेक कर्मचारी अस्पताल में अनुपस्थित हैं। कर्मचारियों को अनुशासन का पाठ पढ़ाने को लेकर मनपा प्रशासन ने बायोमेट्रिक हाजिरी शुरू करने का निर्णय लिया है। उल्लेखनीय है कि इसके पहले ठाणे मनपा मुख्यालय एवं प्रभाग समिति कार्यालयों में भी कर्मचारी समय पर नहीं आते थे एवं आने के बाद गायब हो जाते थे।

**आंख की पुतली पहचानने वाले बायोमेट्रिक यंत्र लगाने का निर्णय**

जिसको देखते हुए मनपा आयुक्त अभिजीत बांगर ने कर्मचारियों की हाजरी के लिए मनपा मुख्यालय में बायोमेट्रिक यंत्र स्थापित करवाया। प्रभाग समिति कार्यालयों में भी बायोमेट्रिक यंत्र लगाने का काम शुरू है। अब मनपा के छत्रपति शिवाजी अस्पताल में आंख की पुतली पहचानने वाले बायोमेट्रिक यंत्र लगाने का निर्णय लिया गया है।

# महाराष्ट्र के पालघर में 'आदिपुरुष' फिल्म के खिलाफ विरोध प्रदर्शन



**पालघर :** महाराष्ट्र के पालघर जिले के नालासोपारा में लोगों के एक समूह ने हाल में रिलीज हुई फिल्म ''आदिपुरुष'' का शो बाधित करते हुए दावा किया कि इससे हिंदुओं की भावनाएं आहत हुई हैं। मीरा-भायंदर वसई विरार (एमबीवीवी) थाने के एक अधिकारी ने बताया कि प्रदर्शनकारियों ने 'राष्ट्र प्रथम' नामक समूह से जुड़े होने का दावा किया। उन्होंने बताया कि कैपिटल मॉल पर सुरक्षाकर्मी तैनात कर दिए गए हैं और अभी प्राथमिकी दर्ज नहीं की गई है। अधिकारी ने बताया कि प्रदर्शनकारियों ने ''जय श्री राम'' के नारे लगाए और लोगों को फिल्म का बहिष्कार करने को कहा। कुछ दिन पहले हिंदू जनजागृति समिति (एचजेएस) ने एक बयान जारी कर ओम राउत के निर्देशन में बनी फिल्म में 'आपत्तिजनक कल्पनाशील दृश्यों' के खिलाफ कार्रवाई की मांग की थी। हिन्दू जनजागृति समिति के

# महावितरण कंपनी की मनमाने तरीके से बिल भेजने से नागरिक परेशान, मीटर बदलना हो तो उपभोक्ता को खुद लाना होता है नया मीटर

**नवी मुंबई :** महाराष्ट्र इलेक्ट्रिसिटी डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी यानि कि महावितरण कंपनी द्वारा की जा रही मनमानी की वजह से पिछले कुछ समय से नवी मुंबई के उपभोक्ता खासे नाराज है। उपभोक्ताओं का आरोप है कि नवी मुंबई के कई क्षेत्रों में महावितरण कंपनी का कोई भी व्यक्ति मीटर की रीडिंग लेने के लिए नहीं आता है और कंपनी अपने मनमाने तरीके से बिजली के बिल भेज देती है। जिसकी वजह से घणसोली के बिजली उपभोक्ताओं ने नाराजगी व्यक्त की जा रही है।

**मनमाने तरीके से प्रति यूनिट के दाम बढ़ा दिए**

पता हो कि महावितरण कंपनी ने अपने मनमाने तरीके से प्रति यूनिट के दाम बढ़ा दिए है जिसकी वजह से उपभोक्ता बढे हुए बिजली बिल के बोझ से दबा हुआ है , इसके साथ ही यदि किसी उपभोक्ता को बिजली का मीटर बदलना हो तो उसे मीटर बाहर से लाने की बात कहकर उस पर और भी बोझ लादने का काम किया जाता



है। महावितरण अधिकारियों तथा कर्मचारियों के इस रवैये से नाराज घनसोली के बिजली उपभोक्ता मनीष कोटियन का कहना है कि उनकी ग्राहक संख्या 000226401954 है , पहले उन्हें मात्र 12 सौ रुपये प्रतिमाह का बिल आता था लेकिन पिछले दो महीने से लगातार उनका बिल 25 सौ तथा 26 सौ के आसपास आ रहा है। उनके घर में बिजली के कोई खास ऐसे उपकरण नहीं है जिनसे बिजली की खपत अधिक हो। उन्होंने बताया कि इस बारे में उन्होंने कोपर खैरणे स्थित बिजली कार्यालय में अपना मीटर बदलने के लिए आवेदन दिया था किन्तु शुरू में महावितरण विभाग के अधिकारियों ने इस पर कोई ध्यान नहीं दिया लेकिन जब उन्होंने बार बार मीटर बदलने की बात कही तो वहां के कर्मचारियों ने कहा कि उनके पास मीटर उपलब्ध नहीं है उन्हें अपने पैसों से मीटर खरीदकर लाना होगा तभी मीटर बदल पायेगा अन्यथा वे इंतजार करें। उपभोक्ताओं का कहना है कि मीटर महावितरण कंपनी द्वारा दिया जाना चाहिए। पता हो कि नवी मुंबई में महावितरण विभाग के कर्मचारियों द्वारा इस तरह का रवैया अपनाए जाने से उपभोक्ताओं ने खासी नाराजगी व्यक्त की है , कहा जा रहा है कि घणसोली में मनीष कोटियन अकेले महीन हैं जिनका बिल अधिक आया हो बल्कि बहुत सारे उपभोक्ता है जिनके बिल अधिक आ रहें हैं लेकिन बिजली का कनेक्शन कहीं कट न जाए इस डर से उपभोक्ता बिल जमा कर देते हैं। इस सन्दर्भ में महावितरण कंपनी के वरिष्ठ अधिकारियों के पास भी शिकायत की गयी है। उपभोक्ताओं द्वारा की गयी इस शिकायत के संदर्भ में महावितरण विभाग की मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी से बात करने की कोशिश की गयी लेकिन उन्होंने मोबाईल फोन नहीं उठाया।

# सात साल की बच्ची से छेड़छाड़ के आरोप में सुरक्षा गार्ड गिरफ्तार



**मुंबई :** मुंबई में एक आवासीय भवन के सुरक्षा गार्ड को परिसर के बिजली मीटर कक्ष में सात साल की बच्ची से कई बार छेड़खानी करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। समता नगर पुलिस थाने के अधिकारी के मुताबिक शनिवार को गिरफ्तार किया गया सुरक्षा गार्ड पिछले कुछ महीनों से उस 'हाउसिंग सोसाइटी' में काम कर रहा है, जहां बच्ची अपने परिवार के साथ रहती हैं। पुलिस ने जांच के दौरान पाया कि आरोपी नाबालिग लड़की को इमारत के बिजली मीटर कक्ष के अंदर ले जाता था और जब भी वह उसे सोसाइटी परिसर में अकेला पाता तो उसके साथ छेड़छाड़ करता था। पुलिस अधिकारी ने कहा कि आरोपी अपने आपराधिक कृत्य का खुलासा करने पर बच्ची को गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी भी देता था। बच्ची ने कई सप्ताह तक चुप रहने के बाद एक दिन अपनी मां को आरोपी के कुकर्मों के बारे में बताया, जिसके बाद परिवार ने उपनगरीय मुंबई के समता नगर पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस अधिकारी के मुताबिक सुरक्षा गार्ड के खिलाफ एक प्राथमिकी दर्ज की गई थी और उसे भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) और यौन अपराधों से बच्चों के संरक्षण अधिनियम (पॉक्सो) की संबंधित धाराओं के तहत गिरफ्तार कर लिया गया।



# ऊष्माघात के शिकार लोगों की संख्या 100 के पार

**महाराष्ट्र** : जून का आधा महीना खत्म हो गया है, फिर भी भयंकर गर्मी की मार सहनी पड़ रही है। बारिश तो लंबी खिंच ही गई है लेकिन इससे ऊष्माघात की भयंकर लहर के कारण उत्तर के राज्यों की स्थिति गंभीर हो गई है। तीव्र उष्णता की ज्वाला और तपिश इन राज्यों को सहनी पड़ रही है। मुख्य रूप से उत्तर प्रदेश और बिहार में इस तपिश ने गंभीर रूप धारण कर लिया है। इन दोनों राज्यों के ऊष्माघात के शिकार लोगों की संख्या सोमवार को १०० के पार पहुंच गई। बीते चार दिनों में उत्तर प्रदेश में ऊष्माघात से ५४ लोगों की मौत हो चुकी है। इसके अलावा ४०० से अधिक लोगों का अस्पताल में इलाज चल रहा है। उत्तर प्रदेश के महज बलिया जिला अस्पताल में ५४ लोगों की बढ़ते तापमान के कारण मृत्यु हो गई। उनकी मौत की वजहें अलग-अलग होंगी फिर भी तीव्र ऊष्माघात ही इसका कारण है, ऐसा डॉक्टरों का कहना है। पूरे उत्तर प्रदेश में उष्णता की लहर है, इसमें १५ जून को २३, १६ जून को २० तो १७ जून को ११ लोगों की मौत हुई। बिहार में भी तेज धूप का कहर जारी है। इसलिए बीते २४ घंटों में सिर्फ पटना के दो बड़े अस्पतालों में ऊष्माघात से ३५ लोगों की मौत हो गई। इसके अलावा अन्य जगहों पर ९ लोगों की मृत्यु हो गई। गंभीर बात यह है कि १६ लोग इलाज से पहले ही मर गए। उत्तर प्रदेश और बिहार में ऊष्माघात की अवस्था निश्चित तौर पर गंभीर है क्योंकि मरीजों की संख्या इन दोनों राज्यों में बढ़ रही है, उस पर जख्मी तथा मृत्यु का ये आंकड़ा अस्पतालों का है। इसलिए अस्पताल में भर्ती न होनेवाले मृत मरीजों का विचार किया जाए तो मृत्यु का आंकड़ा प्रत्यक्ष रूप से और अधिक हो सकता है। मौसम विभाग ने कल तक बिहार के लिए 'अत्यधिक गर्म मौसम' का अलर्ट जारी किया है। इसलिए आगामी दो-तीन दिनों में वहां की परिस्थिति और भी गंभीर होगी, ये तय है। इस साल गर्मी ने देशभर में उष्णता रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंचा। मुंबई सहित महाराष्ट्र में भी प्रचंड गर्मी का प्रहार जून में महसूस हो रहा है। कदाचित मुंबई में अब तक का रिकॉर्ड तापमान जून में ही दर्ज हुआ होगा। शनिवार को सांताक्रुज का अधिकतम तापमान जून में मुंबई का अब तक का सर्वोच्च तापमान रहा। मानसून में देरी और गर्मी में वृद्धि के लिए जिस 'बिपरजॉय' चक्रवाती तूफान की ओर उंगली दिखाई गई, वह अब पाकिस्तान पहुंच चुका है। लेकिन फिर भी उसके 'आफ्टर इफेक्ट' देश को झेलने पड़ रहे हैं। महाराष्ट्र में मई महीने में पारा ज्यादातर जगहों पर ४५ से ४७ डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया था। महाबलेश्वर, माथेरान और अन्य ठंडी हवावाली जगहों पर इस बार सूर्य आग उगलता दिखा। अब जून आधा खत्म हो चुका है फिर भी देश में गर्मी बरकरार है। इससे पहले 'अलनीनो' की चेतावनी और बाद में 'बिपरजॉय' चक्रवाती तूफान के फटके के कारण मानसून का सफर लंबा खिच गया है। अब २३ जून के बाद मानसून महाराष्ट्र में फिर से सक्रिय होगा, ऐसा कहा जा रहा है। अर्थात इस बार लगभग पूरा जून का महीना 'बारिश के अभाव में और गर्मी के प्रभाव में' बीतेगा। इसका दुष्परिणाम फसलों की बुआई और पीने के पानी की आपूर्ति पर तो होगा ही, परंतु मानसून का पूरा समय चक्र इससे बिगड़ने की आशंका है।




# स्कूली बसों के बंद होने से लगभग डेढ़ लाख बस कर्मचारी प्रभावित



**मुंबई** : ज्यादातर बसों में सीसीटीवी वैष्मरे लगे होते हैं, बस में ड्राइवर के अलावा कंडक्टर या अटेंडेंट होते हैं। अक्सर महिला अटेंडेंट बसों में नियुक्त किए जाते हैं। बस के कर्मचारी तब तक बच्चों को छोड़ते नहीं जब तक बच्चों के गार्जियन वहां पहुंच नहीं जाते। बसों में जीपीएस ट्रेक लगा होता है, जिससे अभिभावकों को पता चल जाता है कि स्कूल बस कहां तक पहुंची है। स्कूल बस ओनर्स एसोसिएशन के अनुसार, कोरोना के चलते वैसे ही पचास हजार स्कूली बसों के बंद हो जाने से लगभग डेढ़ लाख बस कर्मचारी प्रभावित हुए थे। महिला अटेंडेंट की नौकरी चली गई थी। कई बस मालिकों ने लोन पर बसें खरीदी थीं। अब जब सब कुछ शुरू हो गया है तब इन प्राइवेट गाड़ियों के अवैध रूप से चलने से फिर से बस सेवा लड़खड़ा गई है। मुंबई में लगभग २,८०० बसें बंद कर देनी पड़ी हैं, पहले सड़कों पर ८,००० बसें दौड़ती थीं, जिनमें से अब केवल ५,२०० बसें ही स्कूल के बच्चों को लाने-ले जाने की सेवा में लगी हुई हैं।

स्कूल की बसें सरकार के सभी नियमों को फॉलो करती हैं, टैक्स भरती हैं, मेंटेनेंस पर ध्यान देती हैं और बच्चों को स्कूल लाने-ले जाने में सभी प्रकार की सुरक्षा का ध्यान रखती हैं। इसके बावजूद अभिभावक स्कूल बस से मुंह मोड़ रहे हैं। वहीं अभिभावकों का कहना है कि निजी वाहनों की दर में काफी फर्क है। बस के मुकाबले वे सस्ते होते हैं। दूसरी बात, बस के मुकाबले प्राइवेट गाड़ियों वाले बच्चों को कम समय में पहुंचा देते हैं।

आरटीआई कार्यकर्ता अनिल गलगली के अनुसार प्राइवेट वैन की अपेक्षा स्कूल बस ज्यादा सुरक्षित होती हैं। ऑटोरिक्शा, टैक्सी-कार या वैन यानी निजी वाहन ज्यादातर 'फायर व रोड सेफ्टी' नियमों को ताक पर रखकर चलते हैं। लेकिन बावजूद इसके लोग निजी वाहनों को प्राथमिकता दे रहे हैं। गलगली ने उदाहरण देते हुए बताया कि मुंबई में ट्रैफिक जाम की समस्या आम हो गई है। कुर्ला जैसे इलाके में छोटे वाहन जल्दी आगे नहीं बढ़ पाते हैं, ऐसे में स्कूल बस को तो देर लगेगा ही। परीक्षा या हेसे ही महत्वपूर्ण समय पर छात्रों को कहीं देरी न हो जाए इसके लिए अभिभावक बस की अपेक्षा निजी वाहनों को प्राथमिकता देते हैं।

# डिग्री कोर्स की पहली मेरिट सूची जारी... प्रवेश की अंतिम तिथि 27 जून, दूसरी मेरिट लिस्ट 28 जून को

**मुंबई** : मुंबई विश्वविद्यालय के तहत प्रथम वर्ष के डिग्री कोर्स की पहली मेरिट सूची सोमवार को जारी की गई। पिछले साल की तुलना में इस साल छात्र कॉमर्स शाखा के कमर्शियल कोर्स को तरजीह देते दिखाई दे रहे हैं। साथ ही इस कोर्स के कटऑफ में काफी बढ़ोतरी हुई है। हालांकि, दूसरी तरफ साइंस (बीएससी) शाखा की कटऑफ में कमी देखने को मिल रही है। जल्द ही शुरू हुए नए डिग्री कोर्स बैचलर इन वोकेशन के लिए ज्यादातर कॉलेजों की पहली मेरिट लिस्ट ५० से ६० फीसदी के बीच रही है। प्रथम सूची में प्रवेश पानेवाले छात्रों के ऑनलाइन दस्तावेज सत्यापन व शुल्क भुगतान की अंतिम तिथि २० से २७ जून दोपहर ३ बजे तक है। उसके बाद दूसरी मेरिट लिस्ट २८ जून को शाम ७ बजे घोषित की जाएगी।




दूसरी सूची के अनुसार, प्रवेश की अंतिम तिथि ३० जून से ५ जुलाई तक है और तीसरी मेरिट सूची ६ जुलाई को सुबह ११ बजे घोषित की जाएगी। मेरिट लिस्ट पर नजर डालें तो इस साल माटुंगा के रुइया कॉलेज के बीए कटऑफ में चार फीसदी का इजाफा हुआ है। पिछले साल रुइया का बीए कटऑफ ८९.३३ फीसदी रही थी। चर्नी रोड स्थित हिंदुजा कॉलेज में कॉमर्स शाखा के सभी कमर्शियल कोर्स के लिए कटऑफ बढ़ गया है। बीकॉम की मेरिट लिस्ट इस साल ६५.५० फीसदी से बढ़कर ७४.३३ फीसदी हो गई है। बीएफएम का कटऑफ इस साल ८३.५० से बढ़कर ८६.८० फीसदी हो गया है। पिछले साल बीएससी आईटी के लिए गणित में न्यूनतम ६७ अंक जरूरी थे, जबकि इस साल गणित में ८२ अंक हासिल करनेवाले छात्रों को ही पहली सूची में शामिल किया गया है। केसी कॉलेज का बीएससी कंप्यूटर साइंस कटऑफ इस साल ८२.३३ से बढ़कर ८६.६७ फीसदी हो गया है।

# पंजीकृत 2,67,571 छात्रों में से केवल 2,23,959 छात्रों ने फॉर्म भरा

**मुंबई** : ११वीं ऑनलाइन एडमिशन के लिए पहली मेरिट लिस्ट कल यानी २१ जून को घोषित की जाएगी। इस वर्ष मुंबई विभाग में ११वीं कक्षा में दाखिले के लिए ज्यादा सीटें उपलब्ध हैं। कुल २,३६,५९१ सीटों पर ऑनलाइन एडमिशन होंगे, जबकि दाखिले के लिए पंजीकृत २,६७,५७१ छात्रों में से केवल २,२३,९५९ छात्रों ने अपने पसंदीदा कॉलेज को वरीयता देते हुए फॉर्म भरा है। ऐसे में केवल इन छात्रों को मेरिट सूची में शामिल किया जाएगा। इसलिए इस साल ११वीं क्लास में हजारों सीटें खाली रहेंगी। इस साल ११वीं कक्षा में प्रवेश पंजीकरण को लेकर छात्रों का प्रतिसाद शुरूआत से ही बहुत अच्छा नहीं रहा है। कम प्रतिसाद के कारण इस साल पंजीकरण और आवेदन की समय सीमा बढ़ा दी गई और एडमिशन प्रक्रिया भी स्थगित कर दी गई। माइनॉरिटी, इन-हाउस और मैनेजमेंट कोटा एडमिशन को भी छात्रों से खास प्रतिक्रिया नहीं मिली है। महाविद्यालय स्तर पर कोटा एडमिशन चल रहा है और यह प्रक्रिया ११वीं ऑनलाइन दाखिले की समाप्ति तक जारी रहेगी। मुंबई विभाग में कोटा एडमिशन के लिए १,३२,८३० सीटें हैं, इनमें से सिर्फ ९,८५४ सीटों पर ही एडमिशन हो सका है। हर साल सैकड़ों छात्र एडमिशन से वंचित रह जाते हैं, जबकि ११वीं कक्षा में दाखिले के लिए काफी सीटें उपलब्ध हैं। आवेदन पत्र भरते समय की गई गलतियों, निर्धारित समय के भीतर कार्रवाई नहीं करने और एडमिशन मिलने के बाद विभिन्न कारणों के चलते छात्र दाखिले से वंचित रह जाते हैं। इनमें से कुछ छात्रों को अच्छे अंक मिलने के बावजूद तकनीकी त्रुटियों के कारण दाखिला नहीं मिल पाता है। दाखिले की तीन नियमित राउंड के बाद ऐसे छात्रों के लिए तीन विशेष राउंड आयोजित किए जाते हैं। इस दौर के बाद भी जिन छात्रों का एडमिशन नहीं होता है, उनके लिए रिक्तियों की घोषणा की जाती है। फिर इन सीटों पर प्रवेश के लिए उप निदेशक शिक्षा कार्यालय के माध्यम से छात्रों को निर्देश दिए जाते हैं।



# मणिपुर-हिंसा का 48वां दिन, फायरिंग में सेना का जवान घायल

## कांग्रेस बोली- लगता है मोदी और भाजपा हिंसा को और आगे तक ले जाना चाहते हैं

**इंफाल।** मणिपुर में 3 मई से कुकी और मैतेई समुदाय में आरक्षण को लेकर हिंसा जारी है। हिंसा के 48वें दिन रविवार देर रात वेस्ट इंफाल में भीड़ ने फायरिंग की, जिसमें सेना का एक जवान घायल हो गया। वह अस्पताल में है, जहां उसकी हालत खतरे से बाहर है। सेना ने सोमवार को बताया कि 18-19 जून की रात कांटो सबल से चिंगमांग गांव की ओर भीड़ ने फायरिंग की, जिसमें जवान घायल हो गया। इलाके में ग्रामीणों की मौजूदगी को देखते हुए जवानों ने कोई जवाबी कार्रवाई नहीं की। सेना का फ्लैग मार्च जारी है। रविवार को भी सेना ने अंफाल घाटी में फ्लैग मार्च किया था।

इधर, कांग्रेस ने राज्य में चली आ रही हिंसा पर कहा- मणिपुर के लोगों की उपेक्षा का हर बीतता दिन इस विश्वास की पुष्टि करता है कि क्रूमोदी और भाजपा संघर्ष को और लंबा खींचना चाहते हैं।



### 18 जून को कर्फ्यू में ढील दी गई

इम्फाल वेस्ट जिले के अधिकारियों ने बताया कि 18 जून को स्थित नियंत्रण में होने के बाद सुबह 5 बजे से शाम 5 बजे तक कर्फ्यू में ढील दी गई, ताकि आम जनता को दवाओं और खाद्य पदार्थों सहित आवश्यक वस्तुओं की खरीद में आसानी हो सके।

### 20 जून तक इंटरनेट बैन

अधिकारियों ने कहा कि पिछले हफ्ते शुक्रवार को मणिपुर के थोंगजू में भाजपा कार्यालय में भीड़ ने तोड़फोड़ की थी। बुधवार को इंफाल पश्चिम में मंत्री नेमचा किपजेन का घर जलाने की कोशिश हुई। इसी दिन हुई हिंसा में 9 लोग मारे गए, जबकि 10 से ज्यादा घायल हुए।

# निवेश और रोजगार के सशक्त माध्यम हैं एम.एस.एम.ई. : शिवराज सिंह चौहान

## उद्यमी, उद्योगपति, स्टार्टअप्स, तकनीकी विशेषज्ञ, वित्तीय संस्थान हुए समिट में शामिल

- **मुख्यमंत्री ने सफल उद्यमियों को एमएसएमई अवार्ड से नवाजा**
- **राज्य सरकार और प्रतिष्ठित कम्पनी एवं संस्थाओं के मध्य हुआ एमओयू**
- **मुख्यमंत्री ने किया राज्य-स्तरीय एमएसएमई समिट का शुभारंभ**



**भोपाल।** मुख्यमंत्री ने कहा है कि आत्म-निर्भर भारत के लिए आत्म-निर्भर मध्यप्रदेश के निर्माण का जो रोडमेप हमने बनाया है, उसके रोम-रोम में सशक्त औद्योगिक परिदृश्य के निर्माण और रोजगार सृजन की भावना रची-बसी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में 21वीं सदी के आत्म-निर्भर भारत बनाने का जो यज्ञ चल रहा है, उसमें बड़े उद्योगों की भूमिका जितनी अहम है, उतना ही महत्व सूक्ष्म, लघु और मध्यम श्रेणी के उद्यमियों का भी है। युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने में इन उद्यमियों की भूमिका बहुत अधिक महत्वपूर्ण है, यह स्थानीय स्तर पर निवेश और रोजगार के अवसर सृजित करने के सशक्त माध्यम हैं। स्थानीय परिवेश-स्थानीय संसाधनों पर कार्य करने वाली इन इकाइयों की सहायता और विकास के लिए राज्य सरकार हरसंभव सहयोग प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। इसी उद्देश्य से आज हो रही समिट का ध्येय वाक्य ÷आर्थिक विकास के शुभ संयोग- मध्यप्रदेश के सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योग÷ रखा गया है।

मुख्यमंत्री चौहान ने होटल आमेर ग्रीन भोपाल में राज्य स्तरीय एमएसएमई समिट का शुभारंभ किया। भोपाल महापौर मती मालती राय विशेष रूप से उपस्थित थी। समिट में अनेक उद्योग परिसंघ के पदाधिकारी, बड़े औद्योगिक घराने, नव उद्यमी, केन्द्र और राज्य सरकार के वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए।

मुख्यमंत्री चौहान ने दीप प्रज्ज्वलित कर समिट का शुभारंभ किया। मध्यप्रदेश में एमएसएमई की भूमिका पर लघु फिल्म का प्रदर्शन किया गया। मुख्यमंत्री चौहान ने सफल उद्यमियों को एमएसएमई अवार्ड प्रदान किए और राज्य सरकार एवं देश की प्रतिष्ठित कंपनी और संस्थानों के बीच एम.ओ.यू का आदान-प्रदान भी हुआ। प्रदेश के सभी जिले कार्यक्रम से वर्चुअली जुड़े।

### नीतियों में सुधार के बिन्दुओं को सरकार से साझा करें उद्यमी

मुख्यमंत्री ने कहा कि सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मध्यप्रदेश की समृद्धि और विकास के भागीदार हैं। हम मिल-जुल कर कैसे आगे बढ़ सकते हैं, इस पर विचार-विमर्श के लिए यह समिट की गई है। सफलता के लिए उत्साह सबसे आवश्यक है। आप सकारात्मक सोच के साथ ईज ऑफ डूईंग बिजनेस का लाभ उठाते हुए आगे बढ़ें। सरकारी नीतियों में जहाँ सुधार की आवश्यकता हो, उन बिन्दुओं को सरकार के साथ साझा करें। जो भी बेहतर होगा उसे क्रियान्वित किया जाएगा। हम मिल कर काम करेंगे और मध्यप्रदेश को आगे बढ़ाएंगे।

### मुख्यमंत्री सीखो कमाओ योजना के क्रियान्वयन में सहयोग करें

मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि स्व-रोजगार और छोटे उद्योगों को सहायता के लिए प्रदेश में 12 योजनाएँ संचालित हैं। मुख्यमंत्री सीखो कमाओ योजना भी लागू की जा रही है, जिसमें 700 कार्य चिन्हित किए गए हैं। उद्यमी इस योजना से जुड़ें, युवाओं को जोड़ें, उन्हें दक्ष बनाएँ और योजना का लाभ उठाएँ।

# शिंदे सरकार का होगा कैबिनेट विस्तार

## 10 विधायक बनेंगे मंत्री, फडणवीस के करीबी ने बताया प्लान



**नई दिल्ली।** महाराष्ट्र की भाजपा और एकनाथ शिंदे सरकार का कैबिनेट विस्तार होने वाला है। मंत्रियों के नामों पर चर्चा लगभग फाइनल राउंड में है और जल्दी ही इस बारे में फैसला हो सकता है। बीते साल जून में ही बनी इस सरकार का पूरे एक वर्ष बाद कैबिनेट विस्तार होने जा रहा है। पहले ही चर्चा थी कि सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद ही सरकार के विस्तार पर निर्णय लिया जाएगा। फिलहाल भाजपा और शिवसेना के उन विधायकों की कैबिनेट विस्तार पर नजर है, जो मंत्री का पद चाहते हैं। देवेंद्र फडणवीस के करीबी नेता गिरीश महाजन का कहना है कि कैबिनेट विस्तार पर बातचीत आखिरी दौर मे हैं। माना जा रहा है कि लोकसभा चुनाव के लिहाज से भी यह कवायद हो रही है।

कुल 10 नए मंत्रियों को कैबिनेट में जगह दी जाएगी। इसके अलावा इस बात की भी पूरी संभावना है कि किसी एक महिला को भी कैबिनेट में जगह दी जाए। यह भी हो सकता है कि भाजपा और शिंदे खेमे की ओर से एक-एक महिला मंत्री दे दी जाएं। अभी इस बात पर चर्चा है कि कौन लोग मंत्री होंगे और किसे कौन सा विभाग दिया जाए। एकनाथ शिंदे ही तय करेंगे कि शिवसेना से किसे मौका मिलेगा।

# सरपंच पति बना ग्राम पंचायत कुकुरगोंडा का माई बाप

## लाखो रुपए का वारा न्यारा करने ने आतुर सरपंच पति

**जैतहरी।** बात करते है जहा मध्य प्रदेश के मुखिया शिवराज सिंह चौहान हर संभव प्रयास कर रहे है की ग्राम पंचायतें अपने कार्य से पहचानी जाए और कार्य भी करे ताकि किसी को कोई नुकसान न हो पर वही कुकुरगोंड के सरपंच पति जिनकी पत्नी सावित्री सिंह को ग्राम वासियों ने अपना जनप्रतिनिधि बनाया उनके द्वारा हर नए दिन एक भ्रष्टाचार को अंजाम दिया जा रहा है।

### चौरा टोला में निर्माण किया पुलिया का अवैधानिक

ग्राम पंचायत के सरपंच पति द्वारा छड़पतपर से कुकुरगोंडा मार्ग में पड़ने वाले चौरा टोला में पुल का निर्माण कराया गया जहा उस पुल की आवश्यकता नहीं थी और तो और उक्त पुल में इनके द्वारा औने पौने भाव में सामग्री भी लगाई गई।

### जब मुरूम खदान ही नही तो बिल लगा कैसे

अनूपपुर जिले में कोई भी मुरूम खदान स्वीकृत नही है। ऐसा शासन का दिशा निर्देश है उसके बाद भी सरपंच पति के द्वारा 3000रुपए पर ट्रीप मुरूम का बिल लगाया गया जो की युवराज कंस्ट्रक्शन चोलना के नाम से है। जबकि ऐसी कोई फर्म ग्राम पंचायत चोलन ने संचालित ही नही और जब इनसे बात करने की कोशिश की गई तो तो इनके द्वारा कहा गया की तुम्हारे जैसे पत्रकार मेरा कुछ नही कर पाएंगे मैं कांग्रेस से भाजपा में आ गया हु।

### इनका कहना है

आपके द्वारा दी गई जानकारी पर मैं कल ही कार्यवाही करता हु अगर दोषी पाए गए तो उचित एफआईआर दर्ज होगी चाहे सरपंच हो या और कोई।।

**अभय ओहरिया, जिला पंचायत सीईओ अनूपपुर**

मैं भाजपा में हु आपको जो करना है करो मेरा कुछ नही होना मैं सब देख लूंगा ठीक।

**भारत सिंह सरपंच पति**

अगर ऐसी बात है तो मैं जांच के आदेश तुरंत देता हु और गलत जो किया है बराबर कार्यवाही होगी उस पर।

**वीरेंद्र मानी मिश्र, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत जैतहरी**

# सुबह होते ही अवैध रेत की लगती है खेप, राजस्व क्षेत्र से अवैध रेत उत्खनन

**उमरिया।** जिले के तहसील बिरसिंहपुर पाली के घुनघुटी, बेली और बकेली में बरसात के पहले से ही राजस्व क्षेत्र में आने वाली बड़ी छोटी नदियों से जमकर अवैध रेत का उत्खनन चालू है इतना भी नही अवैध रेत उत्खनन का कारोबार अभी कुछ दिनों के लिए थमा था लेकिन देखते ही देखते अब यह अवैध रेत उत्खनन दोबारा चालू हो गई है जानकारी है कि छ यह अवैध रेत का कारोबार घुनघुटी में जमकर फल-फूल रहा है खनिज विभाग मौन बना हुआ है।




# शराब के नशे में धुत ई डी यु स्कूल संचालक के द्वारा कॉलोनी वासी के साथ मारपीट कर जान से मारने की दी धमकी

## आक्रोशित स्वर्णकार समाज सहित कॉलोनीवासियों ने पुलिस अधीक्षक से की कड़ी कार्यवाही की मांग

**टीकमगढ़।** थाना कोतवाली अंतर्गत आने वाले संतोषी माता मंदिर पर स्थित ई डी यु वर्ल्ड पब्लिक स्कूल संचालक अंकित वाधवा तनय सुरेंद्र सिंह वाधवा रात्रि 9=30 के करीब शराब के नशे में धुत होकर कॉलोनीवासी अतुल कौशल के गेट पर गाड़ी खड़ी कर दी और मां बहनों की गाली के साथ गाली गलौच देने लगा। जिस पर अतुल कौशल के द्वारा गाली गलौच ना देने एवं गाड़ी हटाने के लिए कहा तो अंकित वाधवा ने गाड़ी अपने स्कूल के पास लगाकर वहाँ से बेसबॉल का डंडा ले कर आया और माँ बहनों की गाली गलौच देते हुए, अतुल कौशल के साथ मारपीट करने लगा । मोहल्ले वासियों ने जाकर अतुल कौशल को बचाया इसके बाद अंकित वाधवा, अतुल कौशल को जान से मारने की धमकी और सभी मोहल्ले वासियों को गाली देने लगा । जिस पर मोहल्ले वासी ने 100 डायल को कॉल किया 100 डायल के आने पर उन्होंने अंकित वाधवा को पकड़ कर थाना कोतवाली टीकमगढ़ ले गए ।अतुल कौशल और मोहल्ला वासियों ने थाना कोतवाली पहुंचकर अंकित वाधवा तनय सुरेंद्र सिंह वाधवा स्कूल संचालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई अगले दिन 19 जून 2023 को अयोध्यावासी स्वर्णकार समाज विकास समिति जिला टीकमगढ़ ने पुलिस अधीक्षक महोदय टीकमगढ़ को घटना पर सख्त कार्यवाही करने हेतु एवं भविष्य में कोई अप्रिय घटना घटित ना हो इसके लिए निष्पक्ष जांच करने हेतु ज्ञापन दिया।



कॉलोनीवासियों द्वारा बताया गया कि इसके पूर्व भी अंकित वाधवा से पूरा क्षेत्र परेशान रहा, ये प्रतिदिन रोड पर गाड़ी लगाकर शराब पीते थे, जिससे कॉलोनीवासियों को समस्या होती थी। जब विद्यालय संचालक ही इस प्रकार के कृत्य करेगा तो बच्चों का भविष्य किस प्रकार सुरक्षित होगा,ये सोचने का विषय है।।

# आर्या क्लब ने माफिया बी को और आरसीसी ने राइजिंग स्टार को हरा पहुंची फाइनल में

## 20 को आर्या व आरसीसी के बीच होगा फाइनल मुकाबला-



रीवा। मार्तंड स्कूल ग्राउंड में चल रहे जीत सेवा संस्थान एवं अरमान फाउंडेशन के प्रयोजन में सदभावना कप नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट के सेमी फाइनल मैच में आरसीसी ने राइजिंग स्टार को तथा आर्या क्लब ने माफिया बी को हरा कर फाइनल में प्रवेश किया। सेमी फायनल मैच में मुख्यातिथि के रूप में कांग्रेस के जिला संगठन प्रभारी पूर्व सांसद प्रताप भानु शर्मा, महापौर अजय मिश्रा बाबा, कांग्रेस सह प्रभारी दुर्गेश पटेल तथा समाजसेवी शहीद अंसारी कैट के प्रदेश उपाध्यक्ष महेश ठारवानी उपस्थित रहे। मैच के प्रारंभ में दोनो टीमों के खिलाडियों से मुख्यातिथि तथा अतिथियों का आयोजन समिति के संरक्षक प्रदीप शुक्ला, संयोजक संजय शुक्ला, अध्यक्ष एडवोकेट रवी प्रकाश तिवारी उपाध्यक्ष विश्वनाथ बाबा खारोल सचिव श्रीप्रकाश तोमर एडवोकेट कोषाध्यक्ष विनोद सिंह, सहसचिव रोहित श्रीवास्तव विक्रम प्रताप सिंह, ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष अनिल मिश्रा राजेश नामदेव, रविसुमित सिंह आसिफ अंसारी ने अतिथियों का स्वागत किया तथा दोनो टीमों से परिचय प्राप्त कराया, अतिथियों ने दोनो टीमों के खिलाडियों को बधाई देते हुए आयोजन की तारीफ की व कहा कि ऐसे आयोजन से ही खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का मौका मिलता है। जीत सेवा संस्थान द्वारा गर्मी में रात्रि कालीन टेनिस बाल क्रिकेट का आयोजन कर खिलाड़ियों को खेल भावना के साथ खेलने का जो अवसर दिया उसके लिए सभी पदाधिकारी बधाई के पात्र। इस दौरान मुख्यातिथि पूर्व सांसद ने फादर डे की सभी को शुभकामनाएं देते हुए आयोजन समिति के पदाधिकारियों के साथ केक काटा। सेमी फाइनल के पहले मैच में आर्या क्लब नेपहले बल्लेबाजी करते हुए 9 विकेट खोकर 62 रन बनाया।

# चचाई पुलिस ने चलाया 'अभियान अभिमन्यु'




*__बरगवां अमलाई।__ पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार चचाई पुलिस द्वारा विकसित एवं सुरक्षित समाज के निर्माण में महिला एवं पुरुषों की समान सहभागिता एवं महिलाओं बालिकाओं को सुरक्षित वातावरण प्रदान करने एवं बालकों पुरुषों को महिला अपराधों के प्रति जागरूक करने एवं संवेदनशील बनाए जाने हेतु अभियान अभिमन्यु चलाया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक जितेंद्र सिंह पवार के मार्गदर्शन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक राजन के निर्देशन में रविवार को अभियान अभिमन्यु चलाया गया।इस अवसर पर थाना प्रभारी बी एन प्रजापति ने कहा कि अभिमन्यु अभियान का मुख्य उद्देश्य समाज के पुरुषों बालकों को महिला संबंधी अपराधों के प्रति जागरूक एवं महिलाओं बालिकाओं के प्रति सकारात्मक व्यवहार विकसित करना है बरगवां अमलाई नगर परिषद के वार्ड क्रमांक 5 अंतर्गत शहडोल अनूपपुर मुख्य मार्ग आमा टोला में इस अभियान के तहत अभिमन्यु शुभंकर के कटआउट लगाकर एवं उपस्थित आमजन को अभियान से संबंधित जानकारी दी गई इस अभियान में चचाई थाना स्टाफ के सहायक उपनिरीक्षक महिपाल प्रजापति सहित भाजपा के मंडल मीडिया प्रभारी बृजेंद्र मिश्रा, विजय तिवारी, अजय यादव, पिंटू दहिया, शौकत खान आदि उपस्थित रहे।*

# नजीराबाद वन विभाग की लकड़ी चोरो पर बड़ी कार्यवाही लाखों की ईमारती सागोंन से भरे 60 नग सिल्लिया सहित वाहन 407 को किया जप्त

**नजीराबाद**

वन परीक्षेत्र नज़ीराबाद में कल रात्रि गस्त के दौरान मुखबिर वन विभाग द्वारा जारी हें नज़ीराबाद वन परीक्षेत्र अधिकारी दीपक श्रीवास्तव द्वारा बताया गया की घटना कल रात्रि की हें लकड़ी की 60 नग सिल्लिया जिनकी बाजार के भाव अनुमानित कीमत 80 हजार से लेकर 90 हजार बताई गई।



लकड़ी चोरी में पकड़ी 407 वाहन के मालिक का गाड़ी नंबर से पता लगाया जा रहा हें वन विभाग रेंजर दीपक श्रीवास्तव का कहना हें की जो 60 नग सिल्लिया लकड़ी कल रात्रि में वाहन सहित पकड़ी गई इतनी मोटे सांगोंन के पेड़ नज़ीराबाद वन परीक्षेत्र के जंगलों में नहीं पाए जाते मुखबिर की सूचना अनुसार लकड़ी चोर किसी दूसरे क्षेत्र से लकड़ी काटकर नज़ीराबाद क्षेत्र में जमाकर बाहर ट्रांसपोर्ट करने जैसा अंधेसा बताया गया जिसकी जाँच वन विभाग द्वारा की जा रही हें खबर लिखे जाने तक वन विभाग की कार्यवाही जारी थी।

# पलक तिवारी ने 22 साल की उम्र में कातिल अदाओं से मोह लिया फैंस...




टीवी एक्ट्रेस श्वेता तिवारी की बेटी पलक तिवारी इंडस्ट्री की फेमस स्टार किड्स में एक हैं। पलक ने बहुत की कम उम्र में इंडस्ट्री में अपनी खास पहचान बनाई है। पलक हाल ही में बॉलीवुड एक्टर सलमान खान की फिल्म 'किसी का भाई किसी की जान' में नजर आई हैं। एक्टिंग के साथ पलक सोशल मीडिया पर भी छाई रहती हैं। इसी बीच पलक का लेटेस्ट फाटोशूट उनके फैंस का ध्यान खींच रहा है। तस्वीरों में पलक की खूबसूरत बस देखते ही बन रही है। इन फोटोज को इंटरनेट पर बार-बार देखा जा रहा है। श्वेता तिवारी की 22 साल की लाडली पलक तिवारी ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर अपनी लेटेस्ट तस्वीरें शेयर की हैं। इन तस्वीरों में पलक का लुक उनके फैंस क्रेजी बना रहा है। तस्वीरों में आप देख सकते हैं कि पलक ने ग्रीन कलर कलर का सिजलिंग ड्रेस पहना है। मिनिमल मेकअप के साथ एक्ट्रेस ने हेयर लूज छोड़े हैं और अपना हॉट फिगर फ्लॉन्ट करती हुई नजर आ रही हैं। एक्ट्रेस की ये हॉट तस्वीरें सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रही हैं। इन तस्वीरों पर से फैंस अपनी नजरें ही नहीं हटा पा रहे हैं। पलक तिवारी इन तस्वीरों को सोशल मीडिया पर काफी पसंद किया जा रहा है। फोटोज कर कमेंट कर उनके चाहने वाले खुद को कमेंट करने से रोक नहीं पा रहे हैं। इस पर कमेंट कर एक यूजर ने लिखा, 'आप बहुत सुंदर हैं।' एक ने लिखा, 'फिगर हो तो आपके जैसा।'

## रश्मिका मंदाना ने पूरी की 'एनिमल' की शूटिंग, सोशल मीडिया पर बांधे रणबीर की तारीफों के पुल



रश्मिका मंदाना को नेशनल क्रश के नाम से भी जाना जाता है। अभिनेत्री खूबसूरती के साथ अपनी एक्टिंग से लाखों दिलों पर राज करती हैं। हिंदी फिल्म इंडस्ट्री के महानायक अमिताभ बच्चन के साथ अपनी शुरूआत करने के बाद वह जल्द ही सुपरस्टार रणबीर कपूर के साथ स्क्रीन साझा करती नजर आने वाली हैं। फिल्म 'एनिमल' में रश्मिका अहम भूमिका में हैं। हाल ही में उन्होंने इस फिल्म को लेकर एक बड़ा अपडेट दिया है। सोशल मीडिया पर अभिनेत्री ने बताया है कि उन्होंने इस फिल्म की शूटिंग पूरी कर ली है और अब वह हैदराबाद लौट चुकी हैं। इंस्टाग्राम पर शेयर की गई स्टोरी में उन्होंने फिल्म के अभिनेता रणबीर कपूर की भी जमकर तारीफ की है। उन्होंने उन्हें दमदार अभिनेता और शानदार इंसान बताया है। इस इंस्टा स्टोरी में उन्होंने फिल्म के बारे में भी बात की। अभिनेत्री ने लिखा, ''यह

## कंट्रोवर्सी के बीच फिल्म का पहला गाना रिलीज, रिवीलिंग ड्रेस में ठुमके लगाती नजर आई अवनीत कौर



कंगना रनोट के बैनर तले बनी फिल्म 'टीकू वेड्स शेरू' का जबसे ट्रेलर सामने आया है, तब से ही फिल्म कंट्रोवर्सी का शिकार हो गई है। मूवी में नवाजुद्दीन सिद्दीकी और अवनीत कौर के लिपलॉक सीन को लेकर बवाल मचा हुआ है। लेकिन मेकर्स को इस बात से ज्यादा फर्क पड़ते नहीं नजर आ रहा है। कंट्रोवर्सी के बीच फिल्म का पहला गाना रिलीज हो चुका है। 'टीकू वेड्स शेरू' के पहले गाने 'मेरी जान जान' का टीजर मंगलवार को कंगना रनोट ने शेयर किया। गाने में अवनीत को रिवीलिंग ड्रेस पहने लटके झटके दिखाते देखा जा सकता है। उन्होंने पिंक कलर की रिवीलिंग ड्रेस पहने इतना किलर डांस किया है कि गाना मिनटों में वायरल हो गया। चंद मिनटों के गाने में अवनीत ने अपनी मदमस्त अदाओं को दिखाने की पूरी कोशिश की है।

मालिक , मुद्रक,प्रकाशक ,संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिंटिंग प्रेस , गाला नं 3 - 4 ,अमीन इंडस्ट्रियल इस्टेट ,सोनावला क्रॉस रोड नं 12 ,गोरगांव ( पूर्व ),मुंबई 63 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। संपर्क कार्यालय : 1 -ए, ग्राउंड फ्लोर साहिल मेंशन, बालमिया लेन, माहिम वेस्ट मुंबई 400016 मोबाइल नं 9987 77 5650 व्हाट्सप्प नं 7977 40 8589 : Email -editor@rokthoklekhaninews.com .